# 60 स्ट्रीट वेंडर्स को बगैर ब्याज के ऋण उपलब्ध कराया

रतलाम ● स्वदेश समाचार

फेरी लगाकर धंधा करने वाले स्ट्रीट वेंडर जिले में बड़ी संख्या में शासन की योजना से लाभान्वित किए जा रहे हैं। गुरुवार को भी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 60 स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के हाथों ऋण प्राप्त किया।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपने प्रेरक उद्बोधन में हितग्राहियों से आव्हान किया कि शासन की योजना से प्राप्त ऋण राशि का सदुपयोग करें, अपने काम-धंधे को उन्नति पर ले जाएं। योजना में बगैर ब्याज के 10 हजार रुपए का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसकी समय सीमा में वापसी पर 20 हजार रुपए का ऋण प्रदान किया जाता है, उसकी भी वापसी पर 50 हजार रुपए का ऋण लाभ दिया जाएगा।

कलेक्टर ने कहा कि अब लोगों को ऋण के लिए चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। शासन की योजना में प्रशासन तथा बैंक अधिकारी आम आदमी के पास पहुंचते व वित्त पोषण सुविधा उपलब्ध कराते हैं। कलेक्टर ने कहा कि हितग्राही को कोई भी परेशानी हो तो वे कलेक्टर कार्यालय या निगम आयुक्त कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं, समस्या का निदान किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया जिनके द्वारा विगत डेढ़ माह में लगभग एक हजार प्रकरण स्ट्रीट वेंडर योजना में स्वीकृत किए गए हैं।

इस अवसर पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने योजना के तहत लाभान्वित किए जा रहे हितग्राहियों की जानकारी दी। बैंक के रीजनल मैनेजर अरुण कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। सहायक महाप्रबंधक संजीव जैन, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया आदि उपस्थित थे। स्वदेश

स्वदेश 10/9/21

## स्ट्रीट वेंडर योजना के हितग्राहियों को ऋण बांटे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

फेरी लगाकर धंधा करने वाले जिले के 60 स्ट्रीट वेंडर को गुरुवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने ऋण वितरित किए। योजना के तहत प्रत्येक हितग्राही को 10 हजार रुपए का ऋण दिया गया। इसकी समय सीमा में वापसी पर 20 हजार रुपए का ऋण दिया जाएगा। उसकी वापसी पर 50 हजार रुपए का ऋण दिया जाएगा। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर अरुण कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक संजीव जैन, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया आदि उपस्थित रहे।

भास्कर

दै. भास्कर 10/9/21

# फिर शुरू हुआ बारिश का दौर सामान्य के करीब पहुंचा जिला

**रतलाम।** जिले में बुधवार रात से फिर से बारिश का दौर प्रारंभ हो गया है। इससे जहां मौसम खुशनुमा बन गया है, वहीं जिला सामान्य बारिश के करीब आ गया है। जिले में अब तक करीब 30 इंच बारिश हो चुकी है। गत वर्ष इस अवधि में 37 इंच पानी बरसा था। जिले की कुल सामान्य बारिश 918.3 मिमी और अब तक की 765.2 मिमी है। गुरुवार को शहर सहित अंचल में रुक-रुककर रिमझिम-तेज बारिश होती रही।

शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में बुधवार रात को झमाझम बारिश हुई। इससे चारों तरफ पानी ही पानी हो गया। वातावरण में ठंडक घुल गई। गुरुवार को भी शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में रुक-रुककर रिमझिम-तेज बारिश से सड़कें तरबतर होती रहीं। सुबह आठ बजे समाप्त हुए बीते चौबीस घंटों के दौरान जिले में 19.6 मिमी औसत बारिश हुई। आलोट तहसील में चार मिमी, जावरा में 26 मिमी, पिपलौदा में आठ मिमी, बाजना में 36 मिमी, रतलाम में 42 मिमी, रावटी में 32 मिमी, सैलाना तहसील में नौ मिमी पानी बरसा। एकमात्र ताल तहसील सूखी रही। जिले में अब तक 743 मिमी औसत् पानी बरस चुका है। गत वर्ष इस अवधि में 931.1 मिमी बारिश हुई थी।

**बारिश की कमी ने बढ़ाई चिंता**

**नामली।** क्षेत्र में गुरुवार को दिनभर रुक-रुककर बूंदाबांदी का दौर चलता रहा। तीज पर्व की खरीदी करने बाजार गई महिलाओं को बूंदाबांदी से परेशानी हुई। तीन सप्ताह बाद मानसून सक्रिय होने के चलते हो रही हल्की बारिश से खरीफ फसलों को लाभ मिलेगा। किसानों का कहना है कि अब तेज बारिश की जरूरत है। इस वर्ष अभी तक पर्याप्त बारिश नहीं होने से क्षेत्र के संपूर्ण जलस्रोत खाली पड़े हैं।

**सज्जनगढ़ में पांच इंच से अधिक बारिश**

**बांसवाड़ा (राजस्थान)।** जिले में लंबे समय के बाद एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया। पिछले 24 घंटे के अंदर मौसम विभाग के अनुसार सज्जनगढ़ में पांच इंच से अधिक, घाटोल में 130 मिमी, शेरगढ़ में 82 मिमी, बागीदौरा में 72 मिमी बारिश हुई। उदयपुर संभाग का सबसे बड़ा माही बांध इस बार पर्याप्त बारिश नहीं होने से वागड़वासियों सहित उदयपुर संभाग के लोगों को डैम का नजारा देखने से वंचित रह गए।

**नल जल योजनाओं में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं**

**रतलाम।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर में नल से जल पहुंचाने के लिए क्रियान्वित की जा रही नल जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा गुरुवार को गई। समीक्षा में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि नल जल योजनाओं में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वे स्वयं उन गांवों में पहुंचेंगे जहां योजना क्रियान्वित की जा रही है। ग्रामीणों से फीडबैक लेंगे कि योजना से उनके जीवन में क्या बदलाव आया है। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समय पर पंचायतों को योजनाएं हैंडओवर कर दी जाएं। योजना संचालन के लिए गांव से वाल्वमेन के रूप में लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाए। बताया गया कि जिले में मिशन के तहत 44 योजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं। 266 योजनाएं स्वीकृत की गई हैं। अभी 142 योजनाएं प्रगतिरत हैं।

नईदुनिया 10/9/21

**कार्यक्रम** विभिन्न बैंकों द्वारा मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के हितग्राही व्यक्तियों को 10 हजार रुपए का ऋण लाभ प्रदान किया

# मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के हितग्राहियों ने कलेक्टर के हाथों ऋण लाभ प्राप्त किया



रतलाम (आरएनएन)। फेरी लगाकर धंधा करने वाले स्ट्रीट वेंडर जिले में बड़ी संख्या में शासन की योजना से लाभान्वित किए जा रहे हैं। गुरुवार को भी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 60 स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के हाथों ऋण लाभ प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर अरुण कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक संजीव जैन, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया उपस्थित थे।

इस अवसर पर विभिन्न बैंकों द्वारा मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के हितग्राही व्यक्तियों को 10 हजार रुपए का ऋण लाभ प्रदान किया गया। इस राशि से फेरी लगाकर धंधा करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स अपने काम-धंधे को विस्तार दे सकेंगे। उनको मटेरियल क्रय करने के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने अपने प्रेरक उद्बोधन में हितग्राहियों से आह्वान किया कि शासन की योजना से प्राप्त ऋण राशि का सदुपयोग करें, अपने काम-धंधे को उन्नति पर ले जाएं। योजना में बगैर ब्याज के 10 हजार रुपए का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसकी समय सीमा में वापसी पर 20 हजार रूपए का ऋण प्रदान किया जाता है, उसकी भी वापसी पर 50 हजार रूपए का ऋण लाभ दिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि अब लोगों को ऋण के लिए चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं।

शासन की योजना में प्रशासन तथा बैंक अधिकारी आम आदमी के पास पहुंचते हैं, वित्त पोषण सुविधा उपलब्ध कराते हैं। कलेक्टर ने कहा कि हितग्राही को कोई भी परेशानी हो तो वे कलेक्टर कार्यालय या निगम आयुक्त कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं, समस्या का निदान किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया जिनके द्वारा विगत डेढ़ माह में लगभग एक हजार प्रकरण स्ट्रीट वेंडर योजना में स्वीकृत किए गए हैं। इस अवसर पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने योजना के तहत लाभान्वित किए जा रहे हितग्राहियों की जानकारी दी। बैंक के रीजनल मैनेजर अरुण कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

राज एक्सप्रेस 10/9/21

# कलेक्टर-कमिश्नर के साथ सीएम की कान्फ्रेंस अब 20 को

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कलेक्टर-कमिश्नर कान्फ्रेंस अब 20 सितंबर को होगी। मुख्यमंत्री की व्यस्तता के चलते दूसरी बार कान्फ्रेंस की तारीख बढ़ाई गई है। इसमें पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षक भी हिस्सा लेंगे।

सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बैठक में प्रदेश में अपराधियों के विरुद्ध चल रही कार्रवाई के साथ महिलाओं पर हो रहे अपराध की भी समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही कोविड कल्याण योजना, एक जिला-एक उत्पाद, आक्सीजन संयंत्रों की स्थापना, जल जीवन मिशन, धान की मिलिंग और खाद्यान्न के उठाव, रोजगार उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे प्रयास और मनरेगा के कामों की भी समीक्षा की जाएगी।

अधिकारियों से नगरीय क्षेत्रों में स्वनिधि योजना के तहत भूमि का मालिकाना हक देने संबंधी योजना की जानकारी भी ली जाएगी।

नईदुनीया 10/9/21

## वैक्सीनेशन पर्यवेक्षण अधिकारी नियुक्त

रतलाम। राज्य शासन के निर्देशानुसार 12 सितम्बर तक रतलाम जिले की सम्पूर्ण पात्र आबादी का शत-प्रतिशत प्रथम डोज का वैक्सीनेशन किया जाना है। इस हेतु समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को पूर्व से जिम्मेदारी दी गई है तथा संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने उक्त कार्य के सतत् पर्यवेक्षण हेतु वैक्सीनेशन पर्यवेक्षण अधिकारी भी नियुक्त किए है। इसके तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षी सिंह सैलाना, बाजना तथा रतलाम ग्रामीण एवं अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे रतलाम, जावरा, पिपलौदा तथा आलोट में वैक्सीनेशन का कार्य दी गई समय सीमा में सम्पन्न करवाएंगे।

सिंधम - 9/9/21

## चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर स्थायीकर्मी नियमित करें

भोपाल। प्रदेश के स्थायीकर्मियों को चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर नियमित किया जाएगा। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभाग और कलेक्टरों को पत्र लिखकर उनसे नियमितीकरण को लेकर अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी मांगी है। यह भी पूछा है कि कितने पद रिक्त हैं और कितने कर्मचारी नियमितीकरण के लिए बाकी हैं। प्रदेश सरकार ने दैवेभो को सात अक्टूबर 2016 को स्थायी कर्मी घोषित किया था। साथ ही यह निर्णय लिया था कि इन्हें चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर नियमित किया जाएगा। मप्र कर्मचारी मंच के अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि चतुर्थ श्रेणी के करीब 15 हजार पद रिक्त हैं। - ब्यूरो

नईदुनिया 10/9/21

# सफाई कर्मचारियों की मांगो पर शासन नियमानुसार स्वीकृति दिए जाने पर कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त

रतलाम। नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति की 22 सुत्रीय मांगो के संबंध में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी के साथ यूनियन के पदाधिकारियों से चर्चा की।

नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति की 22 सुत्रीय मांगो पर निगम आयुक्त झारिया ने विस्तृत चर्चा कर लगभग सभी मांगे शासन नियमानुसार स्वीकृत कर उनके निराकरण हेतु समय-सीमा भी निर्धारित की जिससे कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है।

चर्चा के दौरान उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सत्यप्रकाश आर्चाय, निज सहायक सुभाष गोयल, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी, सहायक वर्ग-3 राजेन्द्रसिंह गेहलोत, नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारी कमल भाटी, रामकल्याणे, कमल शिन्दे, संजय पैमाल, विजय खरे आदि उपस्थित थे।

स्वदेश 10/9/21

# डेंगू और वायरल बुखार : जिले में स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में डेंगू के 265 मामले

**शासकीय और प्रायवेट अस्पतालों में बेड हो गए फुल, जांच करवाने के लिए लग रही कतारें**

प्रसारण न्यूज • रतलाम

जिले में डेंगू के साथ वायरल बुखार के मामले तेजी से बढ़ रहे है। जिला अस्पताल और प्रायवेट अस्पतालों में बुखार और डेंगू के मरीजों की भीड़ लग रही है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में रतलाम जिले में अब तक 265 डेंगू के मरीज, जबकि हकीकत में जिले में डेंगू के सैकड़ों मरीज जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और प्रायवेट अस्पतालों में भर्ती है। वहीं मरीजों में ज्यादा संख्या बच्चों की सामने आ रही है। एमसीएच और प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती बच्चों की संख्या 200 के पार पहुंच चुकी है, जिसमें वायरल बुखार के मामले भी शामिल है।

दरअसल जांच करवाने के लिए मरीजों को पैथोलॉजी लैब के बाहर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल के वार्ड में भी बेड फुल होने की स्थिति में है। पैथोलॉजी लैब के गलियारे में ही मरीजों को नीचे लैटाकर उपचार किया जा रहा है। अप्रैल के महीने में कोरोना की जांच के लिए जिस तरह फीवर क्लिनिको के बाहर लोगों की कतारें नजर आ रही थी, कुछ ऐसे ही हालात रतलाम जिला अस्पताल की पैथोलॉजी लैब के बाहर देखने को मिल रहे हैं।



**ब्लड बैंकों में ब्लड कंपोनेंट और ब्लड यूनिट की बढ़ गई मांग**

जिले में जुलाई के महीने में पल्दुना गांव में सबसे पहले डेंगू के मामले सामने आए थे, जिसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों के साथ रतलाम शहर में भी डेंगू के कई मामले सामने आए हैं। रतलाम जिले में अब तक 265 से अधिक डेंगू के मरीज सामने आ चुके है। बीते 3 दिनों में ही डेंगू के 26 नये केस भी सामने आए है। यही नहीं वायरल बुखार के मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिसकी वजह से जिला अस्पताल की ओपीडी और पैथोलॉजी लैब के बाहर मरीजों की लाइन लग रही है। मानव सेवा समिति और जिला अस्पताल की ब्लड बैंक में भी ब्लड कंपोनेंट और ब्लड यूनिट की मांग बढ़ गई है। जिले में डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन अलर्ट पर है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार प्रभावित क्षेत्रों में डोर टू डोर सर्वे कर संदिग्ध डेंगू के मरीजों की पहचान में जुटी हुई है। रतलाम मेडिकल कॉलेज में डेंगू के मरीजों के उपचार के लिए अलग से वार्ड भी शुरू किया गया है, जहां मरीजों को भर्ती किया जा रहा है, वहीं मेडिकल कॉलेज में ही डेंगू के संदिग्ध मरीजों की जांच की व्यवस्था की जा रही है।

---

स्वदेश

## रतलाम मंडल बिजनस डेवलपमेंट यूनिट की विशेष उपलब्धि मंडल को फ्रेट लोडिंग हेतु ऑटोमोबाइल(ट्रैक्टर) लोडिंग का नया ग्राहक मिला



रतलाम। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा फ्रेट लोडिंग के क्षेत्र में अपना दायरा बढ़ाने के लिए तथा इसके माध्यम से राजस्व बढ़ोतरी के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में बिजनस डेवलपमेंट यूनिट की भूमिका और भी बढ गई है जिसका मुख्य उद्देश्य मंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों से संपर्क कर रेलवे द्वारा फ्रेट लोडिंग के संबंध में उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न प्रावधानों एवं इसके लाभ को बताकर रेलवे के माध्यम से उनके सामानों की ढुलाई हेतु प्रोत्साहित करना है तथा इस कार्य में रेलवे को काफी आशातीत सफलता भी मिल रही है।

मंडल रेल प्रबंधक रतलाम के निर्देशन में बिजनस डेवलपमेंट यूनिट रतलाम मंडल द्वारा किए गए सतत प्रयासों का ही प्रतिफल है कि रतलाम मंडल को पहली बार ऑटोमोबाईल( ट्रैक्टर ) लोडिंग का ऑफर मिला है। जॉन डियर ऑटोमोबाईल कंपनी ने रेलवे के साथ जुड़कर अपने ट्रैक्टरों की ढुलाई हेतु समझौता किया है तथा इसके तहत पहला खेप 08 सितम्बर, 2021 को रतलाम मंडल के देवास स्टेशन से बरगढ़( उड़िसा ) के लिए रवाना किया गया। पहली खेप में 25 एन.एम.जी. रेक में 160 ट्रैक्टरों की लोडिंग की गई तथा रेलवे को इससे लगभग रु11.35/-लाख के राजस्व की प्राप्ति हुई। रतलाम मंडल के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है कि ऑटोमोबाईल लोडिंग हेतु पहली बार रेलवे को नया ग्राहक मिला है। रेलवे को इस कंपनी से प्रति माह 2-3 रेक ट्रैक्टर लोडिंग हेतु उपलब्ध करवाया जाएगा।

स्वदेश 10/9/21

# साढ़े तीन करोड़ की लागत से बन रहे खेल स्टेडियम का निर्माण कार्य 25 तक पूर्ण होगा

स्वदेश

## कलेक्टर ने पोलोग्राउंड स्थित खेल स्टेडियम के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया

रतलाम ● स्वदेश समाचार

करीब तीन करोड़ पचास लाख की लागत से स्टेडियम का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। 25 सितंबर तक कार्यपूर्ण होने की संभावना है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार को पोलोग्राउंड स्थित खेल स्टेडियम के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल सहित अधिकारीगण उपस्थित थे। स्टेडियम में जिम तथा योग कक्ष भी बनाया जा रहा है। स्टेडियम निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि स्टेडियम के सामने वाले छोर पर एक प्रदर्शनी स्थल बनाया जाए जो सीमेंट कांक्रीट से निर्मित होगा। प्रदर्शनी स्थल शहर में आने वाले शिल्प व्यवसायियों अथवा अन्य वस्तु सामग्री की प्रदर्शनी लगाने वाले व्यक्तियों के लिए सुलभ रहेगा। मेले इत्यादि आयोजित हो सकेंगे। उक्त आयोजनों हेतु शहर के मध्य स्थित यह स्थान सबसे उपयुक्त रहेगा, इससे निगम को आय भी प्राप्त होगी। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री को मेजरमेंट तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा स्टेडियम के आसपास निगम द्वारा हटाए गए अतिक्रमण की जानकारी भी ली। साथ ही फूड जोन के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए।



स्वदेश 10/9/21

## पोलोग्राउंड में 25 सितंबर तक बन जाएगा पैवेलियन

रतलाम। पोलो ग्राउंड में करीब तीन करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे पैवेलियन का निर्माण 25 सितंबर तक पूरा कराने के निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार को निरीक्षण के दौरान दिए। पोलोग्राउंड में पैवेलियन के साथ ही विभिन्न कक्ष निर्मित किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देश दिए कि स्टेडियम के सामने वाले छोर पर एक प्रदर्शनी स्थल बनाया जाए जो सीमेंट कंक्रीट से निर्मित होगा। प्रदर्शनी स्थल शहर में आने वाले शिल्प व्यवसायियों अथवा अन्य वस्तु सामग्री की प्रदर्शनी लगाने वाले व्यक्तियों के लिए सुलभ रहेगा। मेले इत्यादि आयोजित हो सकेंगे। उक्त आयोजनों के लिए शहर के मध्य स्थित यह स्थान सबसे उपयुक्त रहेगा, इससे निगम को आय भी प्राप्त होगी। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल को मेजरमेंट तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा स्टेडियम के आसपास निगम द्वारा हटाए गए अतिक्रमण की जानकारी लेकर फूड जोन के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए।

नईदुनिया 10/9/21

निगम प्रशासक ने किया औचक निरीक्षण

## 25 को पूरा हो स्टेडियम का पैवेलियन

पत्रिका सिटी हैपनिंग



रतलाम. नगर निगम प्रशासक व कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तमत ने बुधवार दोपहर को शहर के नेहरू स्टेडियम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माण ऐजेंसी संचालक अनुप धनोतिया को 25 सितंबर तक पैवेलियन का कार्य पूरा करने की डेड लाइन दे दी।

बता दे कि शहर के नेहरू स्टेडियम में नया पैवेलियन निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। एक वर्ष पूर्व इस निर्माण कार्य की शुरुआत हुई थी। जुलाई माह में इसको पूरा होना था, लेकिन कोरोना काल के दौरान काम रुक गया। इसके बाद जब अनलॉक हुआ तब फिर से निर्माण कार्य की शुरुआत हुई। शहर के नेहरू स्टेडियम को शहर विधायक चेतन्य कुमार काश्यप की मंशा अनुसार बनाया जा रहा है।

बुधवार दोपहर करीब 12 बजे बाद निगम प्रशासक कुमार नेहरू स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान प्रशासक कुमार ने निर्माण कार्य के समय से लेकर अब तक हुए निर्माण की जानकारी ली। इसके अलावा निर्माण कार्य की गुणवत्ता को भी देखा। इसके बाद 25 सितंबर तक चल रहे निर्माण कार्य को पूरा करने को कहा। कलेक्टर अंबेडकर भवन परिसर पहुंचे तथा उन्होंने लोकेंद्र भवन के सामने बनाने वाले फूड जोन से अंबेडकर भवन के पीछे वाली जगह को जोड़कर विकसित करने व योजना बनाने के निर्देश नगर निगम आयुक्त झारिया व सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के संज्ञान में रुके पड़े महिला स्पोर्ट्स कंपलेक्स का मामला आया तो उन्होंने निगम आयुक्त व सिटी इंजीनियर से पूछा यह कार्य क्यों नहीं हो रहा है? इस दौरान उन्होंने निगम प्रशासन को आदेश दिए कि नगर की महिला खिलाड़ियों के लिए महिला स्पोर्ट्स कंपलेक्स योजना की जानकारी उन्हें दी जाए। कलेक्टर के इन प्रयासों का खिलाड़ियों ने स्वागत किया है। इ[स] दौरान साथ में निगम आयु[क्त] सोमनाथ झारिया, सिटी इंजीनि[यर] जीके जायसवाल सहित [अ]... उपस्थित रहे।

पत्रिका

पत्रिका 10/9/21

भास्कर

# 5 तबेले तोड़े, 55000 का जुर्माना वसूला, 26 कराए जा चुके हैं बंद

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर के आवासीय क्षेत्र में मवेशी पालने के लिए बनाए गए तबेलों को हटाने के लिए नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही मुहिम में गुरुवार को बड़ी कार्रवाई हुई। पांच तबेलों को तोड़कर हटाया गया। वहीं उनके संचालकों से 55000 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया। कार्रवाई जोन चार में स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के नेतृत्व में हुई। मुहिम में अब तक शहरी क्षेत्र के 26 तबेलों को तोड़कर बंद कराया जा चुका है। कमिश्नर सोमनाथ झारिया ने बताया कि भैंसों व अन्य पशुओं के बाड़े व तबेले 11 सितंबर को तोड़े जाएंगे।

गुरुवार को तबेले तोड़ने की कार्रवाई सुबह 10 बजे रत्नेश्वर रोड से प्रारंभ हुई यहां दो तबेले हटाए गए। इसके बाद अमले ने धभाईजी का वास पहुंचकर दो तबेले तोड़े। वहां से प्रताप नगर ब्रिज के पास सज्जाद और बसंत कॉलोनी में राजेश राठौड़ का तबेला हटाया गया। धभाईजी का वास में संतोष देवा गुर्जर और राहुल कन्हैया गुर्जर ने तबेले पहले बंद कर दिए हैं। बता दें कि 4 सितंबर को गवली समाज व पशुपालकों की शिकायत सुनने के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने तबेले हटाने के लिए तीन दिन का समय दिया।

दे. भास्कर 10/9/21

पांच घंटे चली कार्रवाई

# तबेला संचालक ने की बहस, वसूला 55 हजार जुर्माना



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में नगर निगम द्वारा अवैध तबेले तोड़ने की कारवाई नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के नेतृत्व में गुरुवार को भी जारी रहेगी। इस दौरान कई स्थान पर जब तबेला संचालक ने बहस की तो उस पर कुल 55 हजार रुपए का जुर्माना लगा दिया गया व वसूली कर ली गई। गुरुवार को कुल 6 तबेले तोड़े गए। कही सब्बल तो कही हथोड़े का उपयोग किया गया।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने उपायुक्त विकास सोलंकी के साथ शहर में अवैध तबेले तोड़ने का अभियान जारी रखा हुआ है। गुरुवार सुबह 9 बजे आयुक्त झारिया निगम पहुंच व स्वास्थ्य अधिकारी सिंह व जोन प्रभारियों के साथ बैठक की। इस दौरान गुरुवार को की जाने वाली कार्रवाई की सूची मांगी। इस दौरान सख्त रुप से कहा कि सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक कार्रवाई की जाए। इस दौरान कुल 6 स्थान पर कार्रवाई की गई। कुछ स्थान पर कार्रवाई का विरोध भी हुआ व गर्मागर्म बहस भी अवैध तबेला संचालकों ने की। इनके अलावा ओझा खाली, अरिहंत परिसर, टीआईटी रोड, गवली मोहल्ला, दानीपुरा आदि क्षेत्र में अवैध तबेलों पर कार्रवाई आगामी दिन में की जाएगी। दल ने हथोड़ा, सब्बल आदि से पक्के निर्माण किए गए तबेले तोड़े।

## जारी रहेगी कारवाई

शहर में गुरुवार को 6 अवैध तबेला संचालकों पर कार्रवाई करते हुए 55 हजार रुपए का अर्थदंड वसूला गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

- **विकास सोलंकी**, उपायुक्त नगर निगम

पत्रिका 10/9/21

# मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के हितग्राहियों ने कलेक्टर पुरुषोत्तम के हाथों ऋण लाभ प्राप्त किया

प्रसारण न्यूज • रतलाम



फेरी लगाकर धंधा करने वाले स्ट्रीट वेंडर जिले में बड़ी संख्या में शासन की योजना से लाभान्वित किए जा रहे हैं। गुरुवार को भी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 60 स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के हाथों ऋण लाभ प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल मैनेजर अरुण कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक संजीव जैन, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया उपस्थित थे।

इस अवसर पर विभिन्न बैंकों द्वारा मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के हितग्राही व्यक्तियों को 10 हजार रुपए का ऋण लाभ प्रदान किया गया। इस राशि से फेरी लगाकर धंधा करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स अपने काम-धंधे को विस्तार दे सकेंगे। उनको मटेरियल क्रय करने के लिए राशि उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपने प्रेरक उद्बोधन में हितग्राहियों से आह्वान किया कि शासन की योजना से प्राप्त ऋण राशि का सदुपयोग करें, अपने काम-धंधे को उन्नति पर ले जाएं। योजना में बगैर ब्याज के 10 हजार रुपए का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसकी समय सीमा में वापसी पर 20 हजार रुपए का ऋण प्रदान किया जाता है, उसकी भी वापसी पर 50 हजार रुपए का ऋण लाभ दिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि अब लोगों को ऋण के लिए चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। शासन की योजना में प्रशासन तथा बैंक अधिकारी आम आदमी के पास पहुंचते हैं, वित्त पोषण सुविधा उपलब्ध कराते हैं। कलेक्टर ने कहा कि हितग्राही को कोई भी परेशानी हो तो वे कलेक्टर कार्यालय या निगम आयुक्त कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं, समस्या का निदान किया जाएगा। इस अवसर पर कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया जिनके द्वारा विगत डेढ़ माह में लगभग एक हजार प्रकरण स्ट्रीट वेंडर योजना में स्वीकृत किए गए हैं। इस अवसर पर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने योजना के तहत लाभान्वित किए जा रहे हितग्राहियों की जानकारी दी। बैंक के रीजनल मैनेजर अरुण कुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

स्वदेश

स्वदेश 10/9/21

# नेशनल लोक अदालत कल, 34 खंडपीठों का गठन

नईदुनिया।

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। देशभर के साथ ही जिले में 11 सितंबर को प्रधान न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रमेशकुमार गुप्ता के निर्देशन में नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें न्यायालयों में लंबित व प्रीलिटिगेशन के 21 हजार 293 हजार से ज्यादा मामले आपसी समझौता के आधार पर निराकरण के लिए रखे जाएंगे। इसमें न्यायालयों में लंबित 12687 व प्रीलिटिगेशन के 8606 मामले शामिल हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि नेशनल लोक अदालत जिला मुख्यालय रतलाम तथा जावरा, सैलाना व आलोट तहसील न्यायालय में आयोजित की जाएगी। इसके लिए 34 खंडपीठों का गठन किया गया है। जिला न्यायालय मुख्यालय पर 17, जावरा में नौ, आलोट में छह व सैलाना तहसील न्यायालय में दो खंडपीठ बनाई गई हैं। कोशिश रहेगी कि ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण हो। लोक अदालत सुबह साढ़े दस बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक चलेगी।

## बकाया राशि जमा कराने पर मिलेगी छूट

नगर निगम व बिजली कंपनी द्वारा संपत्ति व जलशुल्क की बकाया राशि तथा बिजली विभाग के प्रकरणों में बकाया राशि जमा कराने पर पैनाल्टी में छूट भी दी जाएगी। लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित 1112 आपराधिक प्रकरणों के अलावा चेक बाउंस के 3352, मोटर दावा के 1207, श्रम विभाग के 210, बिजली कंपनी के 1272, वैवाहिक के 223, भूमि अधिग्रहण के 63, बैंक मनी रिकवरी के पांच सिविल के 2604 व अन्य 2641 प्रकरण समझौता के लिए रखे जाएंगे। इसी प्रकार प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) श्रेणी में बिजली कंपनी के 629, बैंकों के 7461 व बीएसएनएल के 516 प्रकरण रखे जाएंगे।

नईदुनिया 10/9/21

# नेशनल लोक अदालत 11 सितम्बर को

रतलाम. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के आदेश पर नगर निगम से जुड़े संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने के लिए 11 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमें दो वर्ष के बकाया भरने पर दंड से छूट दी जाएगी। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया बकाया राशि जमा कराने नगर निगम कार्यालय जलकर काउंटर के बाहर व कोर्ट परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है। आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। इसी प्रकार जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये 10 हजार तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

पत्रिका

पत्रिका 10/9/21

# लोक अदालत कल

नवभारत

रतलाम। नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को होगा। निगम द्वारा बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय जलकर काउंटर के बाहर तथा कोर्ट परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है। लोक अदालत में निगम के विभिन्न करों का बकाया जमा कराने पर छूट भी दी जाएगी।

नवभारत 10/9/21

# नेशनल लोक अदालत का 11 सितम्बर शनिवार को आयोजन

स्वदेश

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 11 सितम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय जलकर काउंटर के बाहर तथा कोर्ट परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है।

आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपये 10 हजार तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट।

स्वदेश 10/9/21

# जांच में पॉजिटिव आया किशोर गलत मोबाइल नंबर दे गया

## स्वास्थ्य अमले की परेशानी बढ़ी, खोजबीन शुरू

भास्कर संवाददाता | रतलाम

यह खबर आपको चौंका सकती है क्योंकि एक दिन पहले स्वास्थ्य विभाग को जिस किशोर की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव मिली थी। वह किशोर कहां है, यह किसी को नहीं पता। ऐसा इसलिए क्योंकि सैंपल देने के दौरान किशोर ने गलत नंबर लिखवा दिया था। अब रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला किशोर को ढूंढने में जुट गया है। पता भी गलत निकला है, जो चिंतनीय है।

बुधवार को नामली के ग्राम मेवासा के 15 साल के रितेश संतोष की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली थी। सैंपलिंग के दौरान होम आइसोलेट होने की हिदायत दी थी, वहीं जब रिपोर्ट पॉजिटिव मिली तो स्वास्थ्य विभाग ने फोन लगाया लेकिन नंबर गलत निकला। रितेष को ढूंढने के लिए टीम भी गई लेकिन पता भी गलत था। अधिकारियों को जानकारी मिलते ही हलचल मच गई। गुरुवार को आशा कार्यकर्ता और तहसीलदार की टीम को किशोर को ढूंढने के लिए लगाया लेकिन नहीं मिला है।

FE 550
PanTMT
सरिया
सबसे मजबूत
सबसे सुरक्षित
98933-99606
98262-71172

### ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं

■ *हम किशोर को ढूंढने के प्रयास कर रहे हैं लेकिन मोबाइल नंबर व पता गलत है। किशोर आइसोलेट नहीं हुआ तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।* - **डॉ. गौरव बोरीवाल,** एपेडेमियोलॉजिस्ट, रतलाम

नईदुनिया 10/9/21

### शनिवार को पहले डोज का लक्ष्य हो जाएगा पूरा

रतलाम। जिले में कोविड वैक्सीनेशन अभियान के तहत शनिवार को रतलाम ग्रामीण तथा शहर को फोकस शत-प्रतिशत रुप से वैक्सीन का फर्स्ट डोज का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ ही सेकंड डोज भी लगेगा। कलेक्टर ने गुरुवार शाम बैठक लेते हुए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शिक्षकों, पटवारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं को वैक्सीनेशन कराने के संबंध में प्रशिक्षण दें। यह दल शेष रहे लोगों की लिस्टिंग कर टीकाकरण दिवस पर उन्हें घरों से लाकर टीकाकरण कराया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक 10 ग्राम पर 1 सेक्टर अथवा जोनल अधिकारी को नामांकित किया जाएगा।

नईदुनिया 10/9/21

### ग्रामीण व शहर में पहले डोज पर 100% फोकस

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में कोविड वैक्सीनेशन अभियान में आगामी शनिवार को रतलाम ग्रामीण व शहर को फोकस किया जाएगा। शनिवार को रतलाम ग्रामीण व शहर में शत-प्रतिशत वैक्सीन का पहला डोज पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके लिए पूरे अमले को रतलाम ग्रामीण और शहर में डोज लगाया जाएगा। इसी के साथ ही सेकंड डोज भी लगाए जाएंगे। कलेक्टर ने गुरुवार शाम बैठक लेकर कार्ययोजना बनाने का कहा है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षी सिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर ने कहा कि रतलाम ग्रामीण और शहर को छोड़कर अन्य सभी विकासखंड के एसडीएम अपने-अपने विकासखंड के लिए शनिवार को ही बैठक लेंगे। इसमें शिक्षकों, पटवारियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं को शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए प्रशिक्षण देंगे। गांव में छूटे लोगों का वैक्सीनेशन करवाने के लिए हर गांव में दो लोगों का दल तैयार किया जाएगा।

दैनिक भास्कर 10/9/21

# 2018 के पंचनामा में उल्लेख है सरकारी भूमि का


मनमर्जी का निर्माण


द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला

## द्वारका रेसीडेंसी निर्माण में तोड़ा है नियम

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. गड़बड़ की द्वारका रेसीडेंसी के निर्माण की शुरुआत ही झोल से हुई। अब तक यह तो साफ हो गया है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किया गया व इसको लेकर नोटिस





पंचनामा में उल्लेख है सरकारी भूमि का

जारी किया गया। अब एक नया खुलासा हुआ है। 2018 में जब पंचनामा बनाया गया था तब ही इस बात का उल्लेख किया गया था की यह सरकारी भूमि है। इसके बाद भी तत्कालीन अधिकारियों ने इसकी बिक्री को मंजूरी दे दी।

तत्कालीन शहर तहसीलदार ने 27 दिसंबर 2018 को इस भूमि का पंचनामा बनवाया था। इस दौरान इसमे साफ लिखा हुआ है कि वर्तमान रिकार्ड में भूमि कृषि के रुप में है। इसकी चतुर्सिमा का जो उल्लेख किया गया है उसमे भी इस बात का उल्लेख किया गया है कि पूर्व में नगर सुधार न्यास की भूमि है। इसको रतलाम स्टेट के समय फर्म जगन्नाथ के मालिक को आइल मिल स्थापित करने दी थी व इसकी मंजूरी नंबर 1921, 9 अगस्त 1945 को दी गई थी।

### निर्माण करके भी नहीं दिया

जब इस क्षेत्र में द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण हो रहा था, तब सैलाना यार्ड रेलवे कॉलोनी के रहवासियों ने गहरी आपत्ती ली थी। उनके अनुसार निर्माण कार्य से उनके क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ। निर्माण में दीवार के पीछे के प्लास्टर को करने की मांग की गई। इसके अलावा रेलवे कर्मचारी जिस सड़क का उपयोग आने जाने के लिए करते थे उसको ठीक करने को कहा गया। हालांकि रेसीडेंसी संचालक ने इस सड़क को बेहतर करने के बजाए सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर लिया व उस स्थान पर सड़क को बना दिया। इसको तोड़ने को कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने कहा व निगम का दल तोड़ने गया था। अब सड़क आधी टूट गई है व इस क्षेत्र के रहवासियों केलिए आने जाने के लिए फिर समस्या हो गई है।

पत्रिका

पत्रिका 10/9/21

# प्रदेश में नौकरियों का श्रीगणेश

## अवसर ● प्रदेश में भरे जाएंगे खाली पद, विभाग और जिलों से मांगी रिपोर्ट

**1 लाख पद रिक्त हैं प्रदेश में काफी समय से**

**युवा रोजगार की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं**



### पांच साल से स्थायीकर्मियों को नहीं मिली वेतनवृद्धि

प्रदेश के 62 विभागों के 48 हजार स्थायीकर्मियों को पिछले पांच साल से वेतनवृद्धि नहीं मिली है। इन्हें महंगाई भत्ता का लाभ भी नहीं दिया गया है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि सरकार ने सात अक्टूबर 2016 को ये निर्देश दिए थे। कांग्रेस सरकार ने स्थायीकर्मियों को यह लाभ देना बंद कर दिया था, जो अभी भी बंद है।

**भोपाल (राज्य ब्यूरो)।** मध्य प्रदेश में सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार जल्द ही प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों और कलेक्टरों से रिक्त पदों की जानकारी मांगी है। इसमें बैकलाग के पद भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अगले सप्ताह भर्ती की स्थिति को लेकर समीक्षा भी करेंगे। मालूम हो, प्रदेश सरकार ने हाल ही में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण के आदेश जारी किए हैं। रिक्त पदों पर व्यवस्था भी इसी तारतम्य में की जा रही है।

प्रदेश में काफी समय से भर्ती नहीं होने की वजह से करीब एक लाख पद रिक्त हैं। इनमें सर्वाधिक पद शिक्षा, गृह और राजस्व विभाग में खाली हैं। इसके कारण कामकाज भी प्रभावित हो रहा है। विभागों में आउटसोर्स के माध्यम से जैसे-तैसे व्यवस्था बनाई जा रही है। वहीं, बेरोजगारी भी बढ़ती जा रही है। युवा रोजगार की मांग को लेकर आंदोलन भी कर रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री ने स्वीकृत पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे पर ओबीसी आरक्षण का पेंच फंस गया और भर्ती प्रक्रिया प्रभावित हो रही थी। सामान्य प्रशासन विभाग ने महाधिवक्ता से आरक्षण की स्थिति को लेकर अभिमत मांगा था।

दरअसल, सरकार ने नौकरियों में ओबीसी के लिए आरक्षण 14 से बढ़ाकर 27 फीसद कर दिया था, जिसे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी। महाधिवक्ता पुरुषेन्द्र कौरव ने लंबित याचिकाओं से जुड़े मामलों को छोड़कर किसी में भी 27 फीसद आरक्षण देने पर रोक नहीं होने का अभिमत दिया। इसके आधार पर मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि मुख्यमंत्री जल्द ही रिक्त पदों पर भर्ती की तैयारियों को लेकर समीक्षा करेंगे।

नईदुनिया 10/9/21

इसी माह से होगा शुरू

# संपत्तिकर का नया भवन तैयार, वृद्ध करदाताओं को मिलेगी राहत

रतलाम. नगर निगम का संपत्तिकर भरने के लिए नया भवन बनकर तैयार हो गया है। इसका निरीक्षण नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बुधवार सुबह किया है। इस दौरान करदाताओं को खड़े रहने के लिए सुविधा हो इसके लिए फ्लोरिंग का कार्य चल रहा है। इसकी शुरुआत इसी माह की योजना है व वृद्ध करदाताओं को राहत मिलेगी।

नगर निगम में इस समय संपत्तिकर भरने के लिए करदाताओं को पहली मंजील पर बने भवन में जाना होता है। इसके अलावा तीसरी मंजील पर बने संपत्तिकर के ई कार्यालय में जाकर मोबाइल नंबर अपडेट करवाना होता है। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी उन करदाताओं को आती है जो वृद्ध है। वृद्ध करदाताओं को इस प्रकार से उपर जाने में समस्या आती है। इस पीड़ा को समझकर ही नगर निगम ने नया भवन तैयार करवाया। जब वृद्ध करदाताओं को उपर चढ़ने उतरने में समस्या होते निगम आयुक्त झारिया ने देखी तो उसके बाद ही यह निर्णय लिया गया कि नया भवन भूतल पर बनाया गया। इसका तीन माह में पूरा करने का लक्ष्य लिया गया। अब यह भवन बनकर तैयार हो गया है। इसकी शुरुआत इसी माह करने की तैयारी की जा रही है। जो निर्माण कार्य चल रहा है वो करदाताओं को खड़े होने में परेशानी नहीं हो व इसके लिए पेवर ब्लॉक लगवाए जा रहे है।

> संपत्तिर कार्यालय का नया भवन बनकर तैयार है। इसको शीघ्र शुरू किया जाएगा। थोड़ा कार्य शेष है जो जल्दी पूरा हो जाएगा।
>
> **- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 10/9/21

पत्रिका



# पोलोग्राउंड में स्टेडियम निर्माण 25 सितंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा

## कलेक्टर ने निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार को पोलो ग्राउंड स्थित खेल स्टेडियम में किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से स्टेडियम में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया तथा नगर निगम के कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल भी उपस्थित थे।

स्टेडियम के लिए पेवेलियन का निर्माण किया जा रहा है, विभिन्न कक्ष निर्मित किए जा रहे हैं। बाथरूम बनाया जा रहा है, शेड निर्माण किया जा रहा है। स्टेडियम में जिम बनाया जा रहा है, योगा कक्ष भी बनाया जा रहा है।

**प्रदर्शनी स्थल बनेगा-** स्टेडियम निरीक्षण के दौरान कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि स्टेडियम के सामने वाले छोर पर एक प्रदर्शनी स्थल बनाया जाए जो सीमेंट कंक्रीट से निर्मित होगा। प्रदर्शनी स्थल शहर में आने वाले शिल्प व्यवसायियों अथवा अन्य वस्तु सामग्री की प्रदर्शनी लगाने वाले व्यक्तियों के लिए सुलभ रहेगा। मेले इत्यादि आयोजित हो सकेंगे। उक्त आयोजनों हेतु शहर के मध्य स्थित यह स्थान सबसे उपयुक्त रहेगा, इससे निगम को आय भी प्राप्त होगी।

कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री श्री जायसवाल को मेजरमेंट तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा स्टेडियम के आसपास निगम द्वारा हटाए गए अतिक्रमण की जानकारी भी ली गई। साथ ही फूड जोन के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए।

स्वदेश

स्वदेश 10/9/21

# लगातार तीसरे दिन डेंगू के दस से अधिक मरीज मिले

## 14 में एक मरीज मंदसौर और एक बदनावर का, एलाइजा टेस्ट कराया जा रहा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रतिदिन मिलने वाले डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। तीसरे दिन गुरुवार को लगातार एक दिन में दस से अधिक मरीज मिले हैं। जिला अस्पताल की लैब से गुरुवार को मिली एलाइजा टेस्ट की चालीस रिपोर्ट में 14 डेंगू के नए मरीज मिले, जिसमें एक मंदसौर और एक बदनावर जिला धार का भी शामिल है। जिले में अब तक इस साल डेंगू के मरीजों का आंकड़ा बढ़ते हुए 247 पहुंच गया है। गुरुवार को शहर में छह नए मामले मिले और छह ग्रामीण क्षेत्रों के हैं, जिसमें आलोट, जावरा के गांव शामिल हैं। अब शहर के 178 और शेष ग्रामीण क्षेत्रों मरीज हैं।



जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि इस बार मरीज तेजी से मिल रहे हैं। सर्वे में जो भी बुखार के मरीज मिल रहे हैं, उनका एलाइजा टेस्ट कराया जा रहा है। सर्वे के कारण मरीजों की संख्या बढ़ी है, लेकिन इससे हर एक मरीज की पहचान हो रही है और उपचार मिल रहा है। मच्छरों से बचाव के उपाय में लोग भी लापरवाही कर रहे हैं। अपने घर में या आसपास पानी जमा न होने दें।

### बाल चिकित्सालय में अब 63 आक्सीजन बेड की सुविधा, बच्चों का उपचार सोमवार से

रतलाम। एमसीएच से लगे शासकीय बाल चिकित्सालय का स्वरूप निखर गया है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर बाल चिकित्सालय में विभिन्न कार्य किए जाकर इसे सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है। अब चिकित्सालय में बच्चों के लिए 63 आक्सीजन बेड की सुविधा उपलब्ध है जो पूर्व में 10 बेड की थी। सोमवार से रिनोवेटेड कक्षों, वार्डों में बच्चों का उपचार शुरू हो जाएगा। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के चलते बाल चिकित्सालय को अपडेट किया गया।

रिनोवेशन को लेकर कलेक्टर ने गुरुवार दोपहर बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चिकित्सालय के विभिन्न कक्षों में बेतरतीब तथा अनावश्यक फर्नीचर को हटाने के निर्देश दिए।



बाल चिकित्सालय में निरीक्षण करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। ●नईदुनिया

**ब्लड बैंक का निरीक्षण किया**

कलेक्टर ने जिला अस्पताल ब्लड बैंक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान ब्लड बैंक परिसर में विभिन्न कार्यों की आवश्यकता जताते हुए पूर्ण जीर्णोद्धार के निर्देश दिए। खासतौर पर ब्लड बैंक परिसर में सिविल वर्क किए जाएंगे।

**मरीजों की सुविधा के लिए यह काम हुए**

- पूरा ड्रेनेज सिस्टम नए सिरे से निर्मित किया गया।
- आक्सीजन के लिए सेंट्रल लाइन बिछाई गई।
- छतों पर वाटर प्रूफिंग की गई व नए बेड मुहैया कराए गए।
- गार्डन में पेवर ब्लाक व आइसीयू कक्ष में टाइल्स लगाई गई।
- पूरे भवन में नए सिरे से इलेक्ट्रिफिकेशन किया गया है।
- बाहरी गेट पर पेंटिंग की गई।

### डेंगू को भी कोरोना की तरह गंभीरता से लें

बैठक में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि डेंगू के प्रकोप को भी कोरोना की तरह गंभीरता से लें, गहन सर्वेक्षण कर मरीजों का उपचार किया जाए। अभियान के रूप में सफाई कराई जाए, जल जमाव हटाए जाएं, लोगों को जागरूक करने के लिए अनाउंसमेंट करवाएं, मच्छरनाशक छिड़काव में कमी नहीं रखें, फागिंग केमिकल्स बाजार में मिलता है वहां से क्रय कर छिड़काव कराएं। कलेक्टर ने खासतौर पर रतलाम ग्रामीण क्षेत्र में गहन मच्छरनाशक छिड़काव के निर्देश दिए।

### बजरंगनगर में नाली की सफाई और दवाई का छिड़काव नहीं

वार्ड 28 बजरंगनगर निवासी गुलाम नबी ने कलेक्टर और निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया गया कि क्षेत्र में नाली की सफाई और दवा का छिड़काव नहीं होने से डेंगू फैलने का खतरा बना हुआ है। यहां पिछले एक साल से नालियों की सफाई नहीं हुई। इसे लेकर पूर्व में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करवाई गई थी। इस पर वार्ड दरोगा ने आश्वासन देकर शिकायत को बंद करवाया था। वर्तमान में क्षेत्र की दो महिलाएं डेंगू से पीड़ित होकर अस्पताल में भर्ती हैं।

### सैंपल में गलत पता बताया, कोरोना पाजिटिव को ढूंढ रहा अमला

रतलाम। नामली में स्वास्थ्य केंद्र पर कोरोना सैंपल लेने के दौरान पता गलत लिखाने पर पाजिटिव आए एक मरीज को स्वास्थ्य विभाग का अमला ढूंढ रहा है। सात सितंबर को बगैर मास्क लगाए आए दो लोगों के संदिग्ध दिखने पर अस्पताल के कर्मचारियों ने आपत्ति लेकर दोनों का सैंपल लिया था। इनमें से आठ सितंबर की रिपोर्ट में एक का सैंपल पाजिटिव आ गया। इसके बाद नौ सितंबर को इनके पते पर तलाश की गई तो पता गलत पाया गया। सैंपल लेने के दौरान एक युवक ने अपना नाम देवेश पुत्र संतोष 22 वर्ष और दूसरे ने रितेश पुत्र संतोष 15 वर्ष निवासी मेवासा, नामली लिखवाया था। पाजिटिव आने के कारण आइसोलेट करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम पाजिटिव आए मरीज को तलाश रही है। नोडल अधिकारी डा. गौरव बोरीवाल ने बताया की हम तलाश कर रहे हैं, लेकिन कोई पता नहीं चल रहा है। दोनों ने जो मोबाइल नंबर दर्ज कराया है, वह भी गलत है। बोरीवाल ने कहा कि यदि इनके बारे किसी को कोई जानकारी मिले तो सूचित करें, क्योंकि एक कोरोना संक्रमित है और यदि आइसोलेट नहीं हुआ तो कई लोगों को संक्रमित करेगा।

नईदुनिया

नईदुनिया 10/9/21



# कलेक्टर ने किया बाल चिकित्सालय का निरीक्षण, 63 ऑक्सीजन बेड तैयार

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

रतलाम का शासकीय बाल चिकित्सालय अब सुंदर स्वरूप में नजर आने लगा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर बाल चिकित्सालय में विभिन्न कार्य किए जाकर इसे सर्वसुविधायुक्त बनाया गया है। अब चिकित्सालय में बच्चों के लिए 63 ऑक्सीजन बेड की सुविधा उपलब्ध है जो पूर्व में मात्र 10 बेड की थी। कलेक्टर ने गुरुवार प्रातः बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया। आवश्यकता अनुसार कई कार्यों के लिए दिशा-निर्देश डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन तथा सिविल सर्जन डॉ. चंदेलकर को दिए। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के विभिन्न कक्षों में बेतरतीब तथा अनावश्यक फर्नीचर को हटाने के निर्देश दिए। चिकित्सालय में बिस्तरों पर मैट्रेस कवर लगाए जाएंगे, कई स्थानों पर पेंट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बाल चिकित्सालय में भी ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जाएगा। बाल चिकित्सालय में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा व्यक्तिगत रूचि लेते हुए आमूलचूल रूप से विकास कार्य करवाए जाकर नया स्वरूप दिया गया है। प्लान के मुताबिक चिकित्सालय के कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर द्वारा डिप्टी कलेक्टर सुश्री शिराली जैन को तैनात किया गया जिनके द्वारा कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की गई। बाल चिकित्सालय में पूरा ड्रेनेज सिस्टम नए सिरे से निर्मित किया गया है। पहले जहां मात्र 10 बेड ऑक्सीजन के थे वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 63 कर दी गई है। ऑक्सीजन के लिए सेंट्रल लाइन बिछाई गई है, छतों पर वाटर प्रूफिंग की गई है तथा नए बेड मुहैया कराए गए।

बाल चिकित्सालय के गार्डन में पेवर ब्लॉक लगाए गए हैं। आईसीयू कक्ष में टाइल्स लगाई गई, डॉक्टर के रूम में भी टाइल्स लगाई गई। चारों ओर मच्छर जालियां भी लगाई गई। कुछ विंडो खराब हो गई थी उनके स्थान पर नई एल्युमिनियम विंडो बनाई गई। चिकित्सालय परिसर में फ्लोर पर भी कार्य किया गया जिसके तहत कोटा स्टोन स्क्रेपिंग की गई, नए चैनल गेट्स लगाए गए हैं। ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर पर नए शेड वर्क किए गए, पूरे भवन में नए सिरे से इलेक्ट्रिफिकेशन किया गया है। सेनेटरी और प्लंबिंग वर्क भी पूरे भवन में कराया गया। आवश्यकता अनुसार कारपेंटिंग वर्क भी किया गया। चिकित्सालय के आउट साइड में एलिवेशन कार्य के साथ बाहरी गेट पर पेंटिंग तथा नई स्टील विंडो बनाई गई है। दीवारों पर टाइल्स लगाई गई है। आउटसाइड पेवर ब्लॉक, गार्डन रिचार्ज, पीट, मेडिकल शेड वर्क, स्लैब, रिपेयरिंग वर्क जैसे कई कार्य चिकित्सालय परिसर में किए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर निगम द्वारा करवाए उक्त कार्यों से बाल चिकित्सालय भवन अब सर्व सुविधायुक्त तथा आकर्षक स्वरूप में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार है।

राज एक्सप्रेस 10/9/21

## खुले में गंदगी करने पर 15 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोतम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 6 सितम्बर को 9 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर ऋषभ फर्नीचर छत्रीपुल पर 2000, अशोक लुनिया जावरा रोड, मुरारी महू रोड, भुपेन्द्र, अमर फर्नीचर, भुरा छत्रीपुल पर 500-500, न्यू स्टील, अम्बिका ट्रेडर्स छत्रीपुल पर 300-300, जितेन्द्र सिंह, विजय भुट्टा बाजार पर 250-250, सक्कबाई जावरा रोड, संजय, किशोर, रमेश, नितिन पर 50-50 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

सिंघम 9

## नो पार्किंग में खड़े 4 वाहनों को जब्त कर वसूला जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे नागरिक जो कि अपने वाहनों को नो पार्किंग में खड़ा कर यातायात व्यवस्था को बाधित करते है, उनके वाहन जब्त कर जुर्माना वसूलने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार चलाई जा रही है जिसके तहत 7 सितम्बर मंगलवार को नो पार्किंग में खड़े 4 वाहनों को नगर निगम की क्रेन से जब्त कर संबंधितों से जुर्माना वसूला गया।

निगम आयुक्त श्री झारिया के निर्देशानुसार चांदनी चौक, धानमण्डी व गायत्री टॉकिज क्षेत्र में नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर आशीष-राजेन्द्र कुमावत सैलाना पर 500, मुकेश-नारायण शर्मा राजोड़, अरिहंत-प्रदीप भण्डारी रतलाम व दर्शन-सतीश जैन रतलाम पर 200-200 रूपये का जुर्माना किया गया।

सिंघम 9/9/21

## सफाई कर्मचारियों की मांगें स्वीकृत होने पर हर्ष व्याप्त

रतलाम ● नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति की 22 सूत्रीय मांगों पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने विस्तृत चर्चा कर लगभग सभी मांगें शासन नियमानुसार स्वीकृत कर उनके निराकरण हेतु समय-सीमा भी निर्धारित की जिससे कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। चर्चा के दौरान उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी, सत्यप्रकाश आचार्य, निज सहायक सुभाष गोयल, लेखाधिकारी विजय बालोद्रा, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, उपयंत्री मनीष तिवारी, सहायक वर्ग-3 राजेन्द्रसिंह गेहलोत, नगर निगम संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति के पदाधिकारी कमल भाटी, राम कल्याणे, कमल शिन्दे, संजय पैमाल, विजय खरे आदि उपस्थित थे।

स्वदेश 10/9/21

स्वदेश 10/9/21

# श्रीराम मंदिर मार्ग पर फिर लगा जाम



सज्जन मिल रोड श्रीराम मंदिर के बाहर जाम में फंसे वाहन चालक। •नईदुनिया

**रतलाम।** डाट की पुल रोड निर्माण के चलते राम मंदिर रोड पर वाहनों का दबाव बढ़ने के चलते ट्रैफिक जाम की समस्या आम हो गई है। रोज शाम को जाम लगने के बावजूद ट्रैफिक पुलिस यहां ठोस इंतजाम नहीं कर पा रही है।

मालूम हो कि सुभाष नगर ओवरब्रिज निर्माण के चलते मुखर्जीनगर, कस्तूरबानगर, शक्तिनगर व आसपास के इलाकों व डाट की पुल रोड निर्माण के चलते जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, इंद्रलोक नगर आदि क्षेत्रों से आवागमन श्रीराम मंदिर से सैलाना रोड ओवरब्रिज से ही हो रहा है। इसके चलते दिन में कई बार जाम लगता है। बुधवार को भी शाम से लगा जाम रात आठ बजे तक लगा रहा। गुरुवार को भी यही हालात बने। इस दौरान एसपी गौरव तिवारी ने भी करीब एक घंटे तक व्यवस्था को संभाला। सीएसपी हेमंत चौहान, यातायात थाना प्रभारी मोनिका चौहान व अन्य भी यातायात व्यवस्थित करने में लगे रहे।

नईदुनिया 10/9/21

# प्रधानमंत्री के 71वें जन्म दिवस से 22 दिन तक चलेंगे कार्यक्रम

**भोपाल (राज्य ब्यूरो)।** मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 71वें जन्म दिवस (17 सितंबर) से कार्यक्रम का सिलसिला शुरू होगा, जो 22 दिन तक चलेगा। इस दौरान पौधारोपण और टीकाकरण महाअभियान चलाया जाएगा। स्वास्थ्य, महिला-बाल विकास, पर्यावरण, किसान कल्याण, ऊर्जा, शिक्षा, नगरीय प्रशासन, औद्योगिक विकास, ग्रामीण विकास, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में 20 वर्ष की पूर्णता पर मध्य प्रदेश में अनेक कार्यक्रम होंगे। प्रधानमंत्री का 71वां जन्म दिवस समारोह 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक रहेगा। उन्होंने पहली बार 17 सितंबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से कोरोना की तीसरी लहर को रोकने में पूरा सहयोग देने की अपील की है। साथ ही कहा है कि जिन पात्र व्यक्तियों ने कोरोना से बचाव का पहला टीका लगवा लिया है, वे दूसरा टीका अवश्य लगवाएं। 30 सितंबर तक प्रदेश के सभी पात्र व्यक्तियों को पहला टीका लगाने का लक्ष्य है।

नईदुनिया

नईदुनिया 10/9/21

शुभ समाचार

# देखिए, बाल चिकित्सालय का नया भवन, पहले 10 ऑक्सीजन बेड थे, अब 63, सोमवार से शुरुआत








रतलाम | बीमारियों के दौर में राहतभरी खबर है। बाल चिकित्सालय के भवन का काम पूरा हो गया है। सोमवार से इसे आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। ऐसा होने से सीधे तौर पर 63 ऑक्सीजन बेड मिलेंगे, पहले अस्पताल में 10 ऑक्सीजन बेड ही थे। अस्पताल में सामान्य बच्चों को भी भर्ती किया जाएगा। तीसरी लहर की आशंका में यह तैयारी की गई है।

## नए बाल चिकित्सालय में ये काम हुए

- पहले ऑक्सीजन के 10 बेड थे अब 63 कर दिए गए हैं।
- नया ड्रेनेज सिस्टम बनाया।
- ऑक्सीजन के लिए सेंट्रल लाइन बिछाई है, छतों पर वाटर प्रूफिंग की है, नए बेड मंगवाए।
- गार्डन में पेवर ब्लॉक, आईसीयू कक्ष में टाइल्स, डॉक्टर के रूम में टाइल्स का काम हुआ।
- चारों ओर मच्छर जालियां लगाई फ्लोर पर कोटा स्टोन स्क्रेपिंग की, चैनल गेट्स लगे।
- इलेक्ट्रिफिकेशन, सैनेटरी और प्लंबिंग वर्क, कारपेंटिंग वर्क
- आउट साइड में पलिवेशन

**कलेक्टर ने सोमवार से शुरुआत का बोला-** बाल चिकित्सालय में गुरुवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम पहुंचे। डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन सहित अन्य अधिकारी भी उनके साथ थे। कलेक्टर ने सोमवार से बाल चिकित्सालय की शुरुआत करने का कहा।

भास्कर

दे. भास्कर 10/9/21

# नगर निगम का अभियान फिर शुरू...21 तबेलों को हटाया

रतलाम। नगर निगम ने शहरी क्षेत्र में अभियान शुरू कर दिया हैं। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि नगर को साफ स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु निगम नगर निगम एक्ट के विरूद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसो के तबेले व बाड़े हटाने के अभियान के तहत तबेले संचालकों को अपने तबेले स्वंय तोड़ने की समय सीमा 7 सितम्बर समाप्त होने के बाद बुधवार से तबेले तोड़ने का अभियान प्रारंभ किया गया। जिसके तहत झोन क्रमांक 3 के अन्तर्गत संचालित 7 तबेलों को तोड़ा जाकर तबेले मालिकों से तबेले तोड़ने की राशि वसूली।

ज्ञातव्य है कि नगर निगम सभागृह में शनिवार को कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरूषोत्तम द्वारा नागरिकों नगर निगम से संबंधित शिकायतें सुनने व निराकरण करने के दौरान गवली समाज व अन्य पशु पालकों द्वारा अपने बाड़े व तबेले स्वंय तोड़े जाने हेतु समय की मांग किये जाने पर कलेक्टर एवं प्रशासक श्री पुरूषोत्तम ने उन्हे 3 दिवस का समय दिया गया था। मंगलवार को समय सीमा समाप्त होने पर बुधवार को भैंसो के बाड़े व तबेले तोड़ने का कार्य गौशाला रोड से किया गया। नवभारत

नवभारत 10/9/21

# निगम ने फिर शुरू किया भैंसों के बाड़े व तबेले तोड़ने का अभियान

अग्निबाण

## कल 7 तबेलों को तोड़ा गया, 4 से तोड़ने की राशि वसूली- अब तक 21 भैंसों के तबेले हटाए

● रतलाम

रतलाम नगर को साफ स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु निगम नगर निगम एक्ट के विरूद्ध नगरीय सीमा क्षेत्र में संचालित भैंसो के तबेले व बाड़े हटाने के अभियान के तहत तबेले संचालकों को अपने तबेले स्वंय तोड़ने की समय सीमा 7 सितम्बर समाप्त होने गे बाद निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार 8 सितम्बर को तबेले तोड़ने का अभियान प्रारंभ किया गया जिसके तहत झोन क्रमांक 3 के अन्तर्गत संचालित 7 तबेलों को तोड़ा जाकर तबेले मालिकों से तबेले तोड़ने की राशि वसूली।

ज्ञातव्य है कि नगर निगम सभागृह में 04 सितम्बर शनिवार को कलेक्टर एवं निगम प्रशासक पुरूषोत्तम द्वारा नागरिकों नगर निगम से संबंधित शिकायतें सुनने व निराकरण करने के दौरान गवली समाज व अन्य पशु पालकों द्वारा अपने बाड़े व तबेले स्वंय तोड़े जाने हेतु समय की मांग किये जाने पर



कलेक्टर एवं प्रशासक ने उन्हे 3 दिवस का समय दिया गया था।

07 सितम्बर मंगलवार को समय सीमा समाप्त होने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार 8 सितम्बर बुधवार को भैंसो के बाड़े व तबेले तोड़ने का कार्य प्रातः 10 बजे गौशाला रोड से किया गया जिसके तहत गोपाल यादव गौशाला रोड, रघुनाथ राठौड, मानसिंह राठौड़ तैलियो की गली, शहजाद-रसूल राजेन्द्र नगर, शाहिद घोसी मौमिनपुरा, हुसैन अब्दुल व मोहम्मद कुरेशी नयापुरा द्वारा अपने तबेले नहीं हटाये जाने की स्थिति में उक्त तबेलों को जेसीबी मशीन, गैंग आदि के माध्यम से हटाया गया। इस तरह नगर निगम द्वारा अब तक शहरी क्षेत्र से कुल 21 तबेलो को हटाया गया यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। तबेले तोड़ने की कार्यवाही के दौरान राजेन्द्र, अनिल कुमार व सलीम मोहम्मद हुसैन (गोपाल यादव) गौशाला रोड पर 15000, शहजार राजेन्द्र नगर, हुसैन नयापुरा व मोहम्मद दीवान कुरेशी पर 10000-10000 की राशि तबेले तोड़ने हेतु वसूली। निगम आयुक्त ने बताया कि स्वच्छंद रूप से विचरण करने वाले मवेशी व उनके बाड़े व तबेलों शहर तो गंदा होता ही है साथ ही उत्पन्न गंदगी से मच्छर पैदा होते है जिससे नागरिकों को मच्छर जनित बीमारियों का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में डेंगू के प्रकोप शहर में बढ़ता जा रहा है इस पर काबू पाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा संपूर्ण शहर में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है साथ ही निगम एक्ट के विरूद्ध शहर में संचालित गाय, भैंस, सुअर व अन्य पशुओं के तबेले एवं बाड़े तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। मवेशी पालकों के अनुरोध पर उन्हे तीन दिवस का समय दिया गया है नियत समयावधि में मवेशी पालक द्वारा तबेले व बाड़े स्वंय नहीं हटाते है तो उन्हे नगर निगम द्वारा तोड़ा जाकर 15 हजार रूपये प्रतिघन्टा के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जावेगी।

अग्निबाण 10/9/21

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने गतिविधियों और कार्यक्रमों के संबंध में ली बैठक

# प्रधानमंत्री मोदी के 71वें जन्मदिन पर होंगे विभिन्न कल्याणकारी आयोजन

## 17 सितंबर से 07 अक्टूबर तक होंगे कार्यक्रम

भोपाल, (प्रस)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म-दिवस 17 सितंबर को है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार 7 अक्टूबर 2001 को शपथ ली थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 71वें जन्म-दिवस और गुजरात के मुख्यमंत्री तथा देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए सुशासन देने के लगातर सफल 20 वर्ष पूर्ण करने पर राज्य सरकार विकास कार्यों और कल्याणकारी कार्यक्रमों की शुरूआत करेगी। प्रदेश में 17 सितंबर से 7 अक्टूबर की अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री श्री मोदी को विनम्र आदरांजलि होंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में मंत्रालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी के जन्म-दिवस 17 सितंबर को वृक्षारोपण और वैक्सीनेशन महाअभियान का संचालन होगा। स्वास्थ्य, महिला-बाल विकास, पर्यावरण, किसान-कल्याण, ऊर्जा, शिक्षा, नगरीय प्रशासन, औद्योगिक विकास, ग्रामीण विकास, जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां इस अवधि में संचालित की जाएंगी। प्रदेश के गरीबों, महिलाओं, बच्चों, पिछड़ों, मजदूरों, अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण और विकास के लिए कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में बैठक ली।

### 71 हजार विद्यालयों में 71 हजार छात्रों द्वारा 71 हजार पौधों का होगा रोपण

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश के 71 हजार विद्यालयों में 71 हजार छात्रों द्वारा 71 हजार पौधों का रोपण होगा। अंकुर अभियान में इन सभी पौधों की फोटो एक माह बाद अपलोड की जाएगी। वन विभाग द्वारा 63 क्षेत्रीय वन मंडलों और 8 वन विद्यालयों इस प्रकार 71 स्थानों पर वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किए जाएंगे। किसान-कल्याण के अंतर्गत 71 बीज ग्रामों का शुभारंभ, 71 कृषक उत्पादक संगठनों का गठन और कृषि अधोसंरचना निधि के 71 प्रकरणों में राशि का वितरण किया जाएगा।

### 71 हजार लाड़ली लक्ष्मी को होगा छात्रवृत्ति का भुगतान

प्रदेश की 71 हजार लाड़ली लक्ष्मी को छात्रवृत्ति का भुगतान और मातृ वंदना योजना के 7100 हितग्राहियों को राशि का भुगतान किया जाएगा। कुपोषित से सामान्य श्रेणी में आए 7100 बच्चों की माताओं को पोषण अधिकार सूचना-पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश में 71 आंगनबाड़ी, 7100 वाटिकाओं और 71 विद्यालय भवनों का लोकार्पण एवं 71 बालिका छात्रावासों का भूमि-पूजन भी इस अवधि में होगा। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत 7100 महिला स्व-सहायता समूहों को क्रेडिट लिंकेज सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### 71 हजार आवासों में होगा गृह प्रवेश

विकास गतिविधियों के अंतर्गत 71 विद्युत उप केंद्रों का भूमि-पूजन, नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा विभिन्न नगरीय निकायों में 71 विकास कार्यों का लोकार्पण/भूमि-पूजन सम्पन्न किया जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित 71 हजार आवासों में गृह प्रवेश कराया जाएगा। साथ ही 710 पंचायत भवनों की शुरुआत होगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 71 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 71 उप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का भूमि-पूजन होगा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 71 योजनाओं का भूमि-पूजन होगा।

### 71 उद्योगों और 71 लघु उद्योगों के लिए भूमि आवंटन

प्रदेश में 71 उद्योगों और 71 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को भूमि आवंटन का एलओआई प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के अंतर्गत 71 हजार लोगों को स्वामित्व पट्टा वितरित किया जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह, कृषि एवं किसान-कल्याण मंत्री कमल पटेल, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया, एमएसएमई एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री राजवर्धन सिंह, स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार ) इंदर सिंह परमार, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री रामखेलावन पटेल, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तथा पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग वर्चुअली सम्मिलित हुए।

राज एक्सप्रेस 10/9/21

# बाल चिकित्सालय को मिला सुंदर स्वरूप

**रतलाम।** रतलाम का शासकीय बाल चिकित्सालय अब सुंदर स्वरूप में नजर आने लगा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर बाल चिकित्सालय में



**▶ अब 63 ऑक्सीजन बेड सुविधा उपलब्ध**

**▶ कलेक्टर ने किया निरीक्षण**

विभिन्न कार्य किए जाकर इसे सर्वविधायुक्त बनाया गया है। अब चिकित्सालय में बच्चों के लिए 63 ऑक्सीजन बेड की सुविधा उपलब्ध है जो पूर्व में मात्र 10 बेड की थी।

कलेक्टर ने गुरुवार प्रात: बाल चिकित्सालय का निरीक्षण किया। आवश्यकता अनुसार कई कार्यों के लिए दिशा-निर्देश डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन तथा सिविल सर्जन डॉ. चंदेलकर को दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के विभिन्न कक्षों में बेतरतीब तथा अनावश्यक फर्नीचर को हटाने के निर्देश दिए। चिकित्सालय में बिस्तरों पर मैट्रेस कवर लगाए जाएंगे, कई स्थानों पर पेंट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि बाल चिकित्सालय में भी ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जाएगा। बाल चिकित्सालय में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा व्यक्तिगत रूचि लेते हुए आमूलचूल रूप से विकास कार्य करवाए जाकर नया स्वरूप दिया गया है। प्लान के मुताबिक चिकित्सालय के कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर द्वारा डिप्टी कलेक्टर शिराली जैन को तैनात किया गया जिनके द्वारा कार्यों की सतत मॉनिटरिंग की गई। बाल चिकित्सालय में पूरा ड्रेनेज सिस्टम नए सिरे से निर्मित किया गया है। पहले जहां मात्र 10 बेड ऑक्सीजन के थे वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 63 कर दी गई है। ऑक्सीजन के लिए सेंट्रल लाइन बिछाई गई है, छतों पर वाटर प्रूफिंग की गई है तथा नए बेड मुहैया कराए गए। ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर पर नए शेड वर्क किए गए, पूरे भवन में नए सिरे से इलेक्ट्रिफिकेशन किया गया है। सेनेटरी और प्लंबिंग वर्क भी पूरे भवन में कराया गया। आवश्यकता अनुसार कारपेंटिंग वर्क भी किया गया। चिकित्सालय के आउट साइड में एलिवेशन कार्य के साथ बाहरी गेट पर पेंटिंग तथा नई स्टील विंडो बनाई गई है। दीवारों पर टाइल्स लगाई गई हैं। आउटसाइड पेवर ब्लॉक, गार्डन रिचार्ज पीट, मेडिकल शेड वर्क, स्लैब, रिपेयरिंग वर्क जैसे कई कार्य चिकित्सालय परिसर में किए गए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर नगर निगम द्वारा करवाए गए उक्त कार्यों से बाल चिकित्सालय भवन अब सर्व सुविधायुक्त, सुदृढ़ रूप तथा आकर्षक स्वरूप में अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हो गया है। इस दौरान निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे भी उपस्थित थे।

**ब्लड बैंक का निरीक्षण:** कलेक्टर ने गुरुवार को ब्लड बैंक का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में ब्लड बैंक परिसर में विभिन्न कार्यों की आवश्यकता जताते हुए पूर्ण जीर्णोद्धार के निर्देश दिए। खासतौर पर ब्लड बैंक परिसर में सिविल वर्क किए जाएंगे।

नवभारत 10/9/21

## फ्लैट की बिक्री के लिए निजी कंपनी के सहारे निगम

रतलाम. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर व डोसीगांव में निर्मित एमआईजी व एलआईजी फ्लैट जल्दी बिक्री के लिए निगम ने निजी कंपनी के दरवाजे खटखटाए है। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी ने इप्का के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्मित फ्लेटों का प्रेजेन्टेशन दिया है। इप्का के वाईस प्रेसिडेंट दिनेश सियाल, एडमिनिस्ट्रेशन हेड विक्रम कोठारी, जनरल मैनेजन नीरज सक्सेना सहित इप्का के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

पत्रिका 10/9/21

## पीएम आवास योजना को गति देने के लिए मांगे 639 करोड़

भोपाल। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना को गति देने के लिए मध्य प्रदेश ने केंद्र सरकार से तीन किस्तों के 639 करोड़ रुपये देने की मांग की है। इसको लेकर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बुधवार को केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अमृत योजना में केंद्रांश के शेष 130 करोड़ रुपये और स्वच्छ भारत मिशन में केंद्रांश के 104 करोड़ रुपये आवंटित करने का भी अनुरोध किया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में भोपाल और ग्वालियर शहरों ने भी वाटर प्लस के सभी मानदंड पूरे किए हैं। - ब्यूरो

नईदुनिया 10/9/21

# नालियां जाम, सड़कों पर फैल रही गंदगी

## सीवरेज प्रोजेक्ट पूरा होने का इंतजार, रहवासी हो रहे परेशान




रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर की पुरानी कालोनियों, निचली बस्तियों में नालियों के जाम होने से गंदगी फैलने की समस्या बढ़ती जा रही है। कई इलाकों में नालियों से बहने वाले पानी की निकासी ठीक से नहीं होने पर मोहल्लों, कालोनियों के मार्ग पर ही गंदा पानी जमा रहता है।

मालूम हो कि करीब 116 करोड़ की लागत के सीवरेज सिस्टम के लिए वर्ष 2018 से काम चल रहा है। मार्च 2020 तक काम पूरा होना था, लेकिन कोरोना काल के चलते काम समय पर पूरा नहीं हो पाया। अब सीवरेज प्रोजेक्ट की मुख्य लाइन डालने का काम अंतिम चरण में है।

इधर नालियों के जाम होने की समस्या शहर के लगभग हर हिस्से में है। तेजानगर, बालाजी नगर जाने वाले मार्ग पर तो नाली का पानी बह रहा है और बारिश के दौरान घरों तक गंदा पानी पहुंच जाता है। इससे क्षेत्रीय रहवासी परेशान हैं। सीवरेज लाइन डालने के लिए खोदाई के बाद ठीक से मरम्मत नहीं होने से भी नालियों के जाम होने की समस्या हो रही है। कई क्षेत्रों में घरों के पीछे ही पाइपलाइन डालकर सीवरेज लाइन जोड़ी गई है। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त न हो, इसके लिए नालियों में लाइन के ऊपर सीमेंट-कांक्रीट कर दिया गया। अब बारिश का पानी भी इन नालियों में जमा हो रहा है। इससे मच्छर पनप रहे हैं।



तेजानगर-बालाजी नगर मार्ग पर सड़क पर बहता गंदा पानी। • नईदुनिया

### रत्नपुरी में भी परेशानी

रत्नपुरी में हाउसिंग बोर्ड की कालोनी में नालियां धंसने व सफाई नहीं होने से ड्रेनेज जाम होने की समस्या है। यहां बनाई गई भूमिगत नालियां भी जाम हो चुकी हैं। रहवासी कई बार सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत कर चुके हैं। लक्ष्मणपुरा, पीएनटी कालोनी में भी यही समस्या है। गौरतलब है कि सीवरेज सिस्टम की डीपीआर में पहले शहर में चार एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) बनाए जाने थे। इसमें शहर के चार स्थानों तक छोटी लाइनों से गंदा पानी एसटीपी तक लाया जाना था। यहां पानी साफ कर पेयजल को छोड़कर उपयोग के लिए रेलवे सहित अन्य औद्योगिक यूनिटों को पानी देने की तैयारी की थी। बाद में संशोधन कर खेतलपुर व करमदी में ही एसटीपी का प्रविधान किया गया।

> सीवरेज प्रोजेक्ट में हाउस कनेक्शन का काम तेजी से किया जाना चाहिए। इससे नालियों के जाम होने से गंदगी फैलने की समस्या भी खत्म हो जाएगी। चार एसटीपी बनते तो इस सुविधा का ज्यादा लाभ मिलता। **-शैलेंद्र डागा, पूर्व महापौर**

> शहर में सड़कों, नालियों की नियमित सफाई करवाई जा रही है। कई जगह अतिक्रमण के कारण भी नालियों के पानी की निकासी बाधित होती है। सीवरेज प्रोजेक्ट का काम लगभग पूरा हो गया है। **- सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त**

नईदुनिया 10/9/21

# कलेक्टर के निर्देश : 25 तक पूर्ण करे स्टेडियम का निर्माण

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने गुरुवार को पोलो ग्राउंड स्थित खेल स्टेडियम में किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। लगभग 3 करोड

## ▸ निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

50 लाख रुपए की लागत से स्टेडियम में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया तथा नगर निगम के कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल भी उपस्थित थे। स्टेडियम के लिए पेवेलियन का निर्माण किया जा रहा है, विभिन्न कक्ष निर्मित किए जा रहे हैं। बाथरूम बनाया जा रहा है, शेड निर्माण किया जा रहा है। स्टेडियम में जिम बनाया जा रहा है, योगा कक्ष भी बनाया जा रहा है।



## प्रदर्शनी स्थल बनेगा

स्टेडियम निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निगम आयुक्त को निर्देश दिए कि स्टेडियम के सामने वाले छोर पर एक प्रदर्शनी स्थल बनाया जाए जो सीमेंट कंक्रीट से निर्मित होगा। प्रदर्शनी स्थल शहर में आने वाले शिल्प व्यवसायियों अथवा अन्य वस्तु सामग्री की प्रदर्शनी लगाने वाले व्यक्तियों के लिए सुलभ रहेगा। मेले इत्यादि आयोजित हो सकेंगे। उक्त आयोजनों हेतु शहर के मध्य स्थित यह स्थान सबसे उपयुक्त रहेगा, इससे निगम को आय भी प्राप्त होगी। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री जायसवाल को मेजरमेंट तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा स्टेडियम के आसपास निगम द्वारा हटाए गए अतिक्रमण की जानकारी भी ली गई। साथ ही फूड जोन के संबंध में भी दिशा-निर्देश दिए।

नवभारत

नवभारत 10/9/21